web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 25 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-117

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वेनेजुएला में प्रदर्शन के दौरान 152 लोग हिरासत में

कराकास (आरएनएस)। वेनेजुएला में सोमवार से शुरू हुए राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के दौरान अब तक कम से कम 152 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वेनेजुएला फोरो पेनल मानवाधिकार संगठन के प्रमुख अल्फ्रेडो रोमेरो ने ट्विटर पर लिखा है कि सोमवार को नौ लोगों तथा मंगलवार को 34 लोगों को हिरासत में लिया गया था। वहीं बुधवार को 109 लोगों को हिरासत में लिया गया।

### कैबिनेट ने जीएसटीएटी के गठन को मंजूरी दी

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण की राष्ट्रीय पीठ (जीएसटीएटी) के गठन को मंजूरी दे दी है। अपीलीय अधिकरण की राष्ट्रीय पीठ नई दिल्ली में स्थित होगी। जीएसटीएटी की अध्यक्षता इसके अध्यक्ष करेंगे एवं इसमें एक तकनीकी सदस्य (केन्द्र) और एक तकनीकी सदस्य (राज्य) शामिल होंगे। जीएसटीएटी की राष्ट्रीय पीठ के गठन पर एकमुश्त व्यय 92.50 लाख रुपयेका होगा, जबकि आवर्ती व्यय सालाना 6.86 करोड़ रुपये होगा।

### 200 से अधिक पर्यटक कर रहे सड़क खुलने का इंतजार

चमोली (आरएनएस)। औली में भारी बर्फबारी के चलते सड़क आइटीबीपी के आगे दूसरे दिन भी बंद रही। सड़क खोलने के लिए कोई भी इंतजाम मौके पर नहीं है। ऐसे में औली में 200 से अधिक पर्यटक सड़क खुलने का इंतजार कर रहे हैं। औली में मौजूद पर्यटकों के वाहन भी बर्फ से ढके हुए हैं। ऐसे में अगर मौसम साफ नहीं हुआ तो एक-दो दिन पर्यटकों को दुश्वारियां झेलनी पड़ सकती हैं।

### रेप के मामले में दाती महाराज को मिली अग्रिम जमानत

नईदिल्ली (आरएनएस)। रेप के मामले में दिल्ली की साकेत कोर्ट से दाती महाराज को अग्रिम जमानत मिल गई है. कोर्ट ने दाती पर कुछ प्रतिबंध भी लगाए हैं. दाती को दिल्ली से बाहर जाने के लिए कोर्ट की इजाजत लेनी होगी. साथ ही अधिकारियों के बुलावे पर उन्हें हर बार मौजूद रहना होगा.

### राहुल अकेले राजनीति नहीं कर सकते इसलिए प्रियंका को लेकर आए: सुमित्रा महाजन

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा- वह (प्रियंका गांधी वाड्रा) एक अच्छी महिला हैं, और राहुल जी ने स्वीकार किया है कि वह अकेले राजनीति नहीं कर सकते हैं और इसके लिए वह प्रियंका की मदद ले रहे हैं। यह एक अच्छी चीज है।

### स्कूली छात्रा ने छेड़खानी से परेशान होकर जहर पीकर की खुदकुशी

पुणे. महाराष्ट्र के बीड में रहने वाली एक नौवीं क्लास की छात्रा ने छेड़खानी से परेशान होकर जहर पीकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के मुताबिक, स्वाती राठोड़ (16) नामक छात्रा की इस घटना में मौत हुई है। उसके पिता गोविंद किसन राठोड़ ने स्वाती के स्कूल में पढ़ने वाले अमर तिकडे और हनुमंत सावंत के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवायी है।

### मैं मोदी की तरह झूठ नहीं बोलता, अमेठी में 101 प्रतिशत फूड पार्क आएगा-राहुल

अमेठी। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, हमने किसानों के कर्ज़ माफ करने का वादा किया था, और उसे पूरा किया, मैं नरेंद्र मोदी जैसा नहीं, मैं झूठ नहीं बोलता, मैं आप लोगों से उस फूड पार्क का वादा करना चाहता हूं, जिसे मोदी जी ने रोक दिया, वह अमेठी में 101 फीसदी बनेगा। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, जब CBI राफेल सौदे की जांच करना चाहती थी, निदेशक को रात 1 बजे हटा दिया गया।

# केजरीवाल ने इशारों में मोदी सरकार को बताया देशद्रोही

**जेएनयू मामला**



नई दिल्ली (आरएनएस)। जेएनयू में देशविरोधी नारे लगाने के मामले में दिल्ली सरकार की अनुमति नहीं लिए जाने पर बवाल जारी है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस पर मोदी सरकार पर निशाना साधा और इशारों में केंद्र सरकार को ही देशविरोधी करार दिया। इसी मामले में दिल्ली के कानून मंत्री ने लॉ सेक्रेटरी को बिना मंत्रालय की स्वीकृति लिए केस से संबंधित फाइल गृह मंत्रालय को भेजने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने का आरोप केंद्र सरकार पर लगाया और इसे देशद्रोही करार दिया। उन्होंने ट्वीट किया, मुझे नहीं पता कन्हैया ने देशद्रोह किया है या नहीं, उसकी जांच कानून विभाग कर रहा है। उधर मोदी जी ने दिल्ली के बच्चों के स्कूल रोके, अस्पताल रोके, सीसीटीवी कैमरे रोके, मोहल्ला क्लिनिक रोके, दिल्ली को ठप्प करने की पूरी कोशिश की - क्या यह देशद्रोह नहीं है?

दिल्ली के कानून मंत्री ने अपने विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। कानून सेक्रेटरी ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए बिना मंत्रालय से अनुमति लिए फाइल को गृह मंत्रालय के पास भेजने पर स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में कहा गया, ऐसा लग रहा है कि मंत्री के विचार रेकॉर्ड में दर्ज न हो सकें इसके लिए आपने ऐसा सोच-समझकर किया है।

बता दें कि दिल्ली सरकार जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय देशद्रोह मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति देने के संबंध में कानूनी सलाह ले रही है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और नौ अन्य लोगों के खिलाफ दायर आरोपपत्र को लेकर अदालत ने दिल्ली पुलिस से सवाल किया था कि उन्होंने समुचित मंजूरी के बगैर उनके खिलाफ आरोपपत्र कैसे दायर कर दिया है।

# लोकसभा चुनाव में बैलट पेपर्स की तरफ नहीं लौटेंगे

**ईवीएम विवाद पर सीईसी ने कहा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। ईवीएम हैकिंग विवाद के 3 दिन बाद मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने साफ कहा कि वापस बैलट पेपर्स से चुनाव नहीं कराए जाएंगे। दिल्ली में आज एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मैं आपको स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम वापस बैलट पेपर्स के दौर में नहीं लौट रहे हैं। आपको बता दें कि हाल ही में लंदन में हैकथॉन के दौरान एक कथित साइबर एक्सपर्ट ने दावा किया था कि वह ईवीएम डिजाइन टीम के सदस्य थे और भारत में इस्तेमाल हो रही ईवीएम को हैक कर सकते हैं।

सैयद शुजा ने यह भी दावा किया था कि 2014 के लोकसभा चुनावों में धांधली हुई थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने दिल्ली पुलिस को खत लिखकर पूरे मामले की जांच की मांग की, जिस पर संसद मार्ग थाने ने एफआईआर दर्ज कर ली। वहीं, विपक्षी दलों की ओर से भी बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग ने जोर पकड़ लिया। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल लगातार बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।

इस पर आज सुनील अरोड़ा ने कहा कि हम ईवीएम और वीवीपैट का इस्तेमाल जारी रखेंगे। उन्होंने आगे कहा, हम किसी भी पक्ष जिसमें राजनीतिक पार्टियां भी शामिल हैं, की आलोचना और फीडबैक का स्वागत करते हैं। सुनील अरोड़ा ने यह भी कहा कि हम इन सबसे डरने या परेशान होने वाले नहीं हैं और ऐसे में बैलट पेपर्स का दौर फिर से नहीं लौटेगा। आपको बता दें कि ताजा विवाद से कुछ दिन पहले ही देश के मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने कहा था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ नहीं हो सकती है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरने से मलबे के नीचे दबे 8 लोग

गुड़गांव (आरएनएस)। हरियाणा के गुड़गांव के उल्लाहवास गांव में चार मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिर गई।



घटना सुबह 5:00 बजे हुई। इमारत में करीब 8 लोग थे। सभी लोग इमारत के मलबे के नीचे दबे हुए हैं और मौके पर रेस्क्यू टीम पहुंची हुई है और लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही है।

खबरों के मुताबिक, बिल्डिंग के निर्माण का काम करने वाले मजदूर वहीं रह रहे हे थे, अचानक बिल्डिंग ढह गई। मजदूर मलबे में दब गए और चीख-पुकार सुन स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। हादसे की वजह के बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है।

# गणतंत्र दिवस परेड में 'नारी शक्ति' का होगा प्रदर्शन

## एम 777 होविट्जर और के 9 वज्र भी नजर आयेंगे

## इस गणतंत्र दिवस पर बहुत कुछ होगा पहली बार

नई दिल्ली (आरएनएस)। इस बार की गणतंत्र दिवस की परेड में बहुत कुछ पहली बार होने वाला है। इस बार आर्मी में शामिल किए गए नए हथियारों के अलावा महिला अर्द्धसैनिक बल द्वारा मार्च और सभी पुरुष टीमों का नेतृत्व महिला ऑफिसर करेंगी। बोफोर्स के आने के 30 साल बाद पहली बार आर्मी एम777 और के9 वज्र का प्रदर्शन करेगी।



गणतंत्र दिवस परेड के सेकंड इन कमांड मेजर जनरल राजपाल पुनिया ने कहा, पहली बार परेड में आर्मी अपनी नई आर्टिलरी का प्रदर्शन करेगी। पिछले साल ही अमेरिका से लाई गई एम 777 ए2 अल्ट्रा लाइट होवित्सर भी इस परेड में देखने को मिलेंगी। इसके अलावा भारत में ही बनी के9 वज्र का प्रदर्शन किया जाएगा, इसका निर्माण एल ऐंड टी ने पीएम मोदी के मेक इन इंडिया के तहत किया था।

# ट्रेन-18 के ट्रायल में हुआ बड़ी खामियों का खुलासा

**अब दो बार और किया जाएगा परीक्षण**

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन टी-18 के ट्रायल के दौरान कई बड़ी खामियों का खुलासा है। जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे ने इसके ट्रायल के दौरान 8 कोच खाली और 8 में यात्रियों का जितना वजन लादकर इसका ट्रायल रन कराया है, वह बिल्कुल गलत था। जबकि यह ट्रेन एक बार पूरी तरह से खाली और दूसरी बार पूरी तरह से भरी हुई दौड़नी चाहिए थी। अगर टी-18 ट्रैक पर पूरी तरह से खाली दौड़ती है, तो क्या यह पटरी से तो नहीं उतर जाएगी और अगर यह पूरी तरह से यात्रियों से भरी चलाई जाती है, तो क्या फिर भी यह अपनी स्पीड को अच्छे से मेंटेन कर पाएगी या नहीं?

टी-18 के अभी कम से कम 2 ट्रायल रन और कराए जाएंगे।

# रेलवे में तत्काल लागू होगा आर्थिक आधार पर आरक्षण



**पीयूष गोयल का ऐलान**

नई दिल्ली (आरएनएस)। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण देने का मोदी सरकार का निर्णय रेलवे में तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसके तहत 23 हजार भर्तियाँ की जायेंगी। रेलवे आर्थिक आधार पर आरक्षण देने वाला पहला केंद्रीय विभाग बन जायेगा। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यहाँ संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को मिल रहे आरक्षण में कोई कटौती किये बगैर रेलवे में अभी चल रही भर्ती प्रक्रिया में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी आरक्षण दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि अभी 1.51 लाख पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है और 1.31 लाख की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू होने वाली है।

# सीबीआई ने आईसीआईसीआई-वीडियोकॉन ऋण मामले में दर्ज किया एफआईआर

नयी दिल्ली (आरएनएस)। सीबीआई ने 3,250 करोड़ रुपए के आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन ऋ ण मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में एफआईआर दर्ज किया तथा मुंबई में समूह के मुख्यालय और औरंगाबाद में कार्यालयों में गुरुवार को छापे मारे। छापे मारने का काम गुरुवार सुबह शुरू किया गया। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर के पति दीपक कोचर द्वारा संचालित कंपनी न्यूपावर और सुप्रीम एनर्जी पर भी छापे मारे गए। उन्होंने बताया कि ऐसा आरोप है कि 2012 में आईसीआईसीआई बैंक से वीडियोकॉन समूह को 3250 करोड़ रुपए का ऋण मिलने के कुछ महीनों बाद वीडियोकॉन प्रमोटर वेणुगोपाल धूत ने न्यूपावर में करोड़ों रुपए निवेश किए। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने धूत, दीपक कोचर और अज्ञात अन्य के खिलाफ पिछले साल मार्च में एक प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की थी। सीबीआई प्राथमिकी दर्ज करने से पहले पीई दर्ज करती है ताकि वह सबूत एकत्र कर सके। एजेंसी ने इस पीई को प्राथमिकी में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के नाम और प्राथमिकी की विस्तृत जानकारी का अभी इंतजार किया जा रहा है।

# जस्टिस सीकरी ने सीबीआई अंतरिम निदेशक मामले की सुनवाई से खुद को किया अलग

नयी दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ए के सीकरी ने एम नागेश्वर राव को सीबीआई का अंतरिम निदेशक नियुक्त किये जाने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से खुद को गुरुवार को अलग कर लिया। जस्टिस ए के सीकरी की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध की है। दूसरी पीठ अब इस मामले की सुनवाई करेगी। जैसे ही मामला सुनवाई के लिये आया न्यायमूर्ति सीकरी ने गैर सरकारी संगठन कॉमन कॉज की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे को बताया कि वह इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहते और खुद को इससे अलग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आप मेरी स्थिति समझते हैं, मैं इस मामले पर सुनवाई नहीं कर सकता।



# मलेशिया में नए राजा का चुनाव

कुआलालंपुर (आरएनएस)। मलेशिया का शाही परिवार बृहस्पतिवार को नए राजा का चुनाव करेगा। बीते महीने सुल्तान मोहम्मद पंचम ने पूर्व रूसी सुंदरी के साथ कथित शादी की खबरें सामने आने के बाद राज सिंहासन छोड़ दिया था, जिसके बाद नए राजा की तलाश शुरू हो गई थी। सुल्तान मोहम्मद के फैसले ने पूरे मलेशिया को हैरान कर दिया था। मुस्लिम बहुल मलेशिया के इतिहास में पहली बार किसी राजा ने पांच साल का अपना कार्यकाल करने से पहले ही राज सिंहासन त्याग दिया था।

# अब राजधानी वासियों को वॉट्सऐप पर मिल जाएगा बिजली का बिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। साउथ और वेस्ट दिल्ली में रहने वाले उपभोक्ताओं के घर अगर बिजली बिल नहीं आया है, तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस ने वॉट्सऐप नंबर जारी किया है जिस पर उपभोक्ता ड्यूप्लिकेट बिल मंगावा सकते हैं।

बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के एक अधिकारी के अनुसार कई बार तो बिजली बिल समय पर उनके घर नहीं पहुंचता, जिससे उन्हें बेवजह ही लेट फीस भरना पड़ जाता है।

कई बार बिजली बिल खो भी जाता है, इससे भी उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। इन परेशानियों को दूर करने के लिए बीएसईएस ने साउथ और वेस्ट दिल्ली में रहने वाले लोगों को ड्यूप्लिकेट बिल उनके मोबाइल पर ही उपलब्ध कराने के लिए एक वॉट्सऐप नंबर (9999919123) जारी किया है।

# रेलवे में चार लाख भर्तियों की घोषणा 'एक और जुमला' : चिदंबरम

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने रेल मंत्री पीयूष गोयल की ओर से रेलवे में अगले दो वर्ष में चार लाख भर्तियां करने संबंधी घोषणा को 'एक और जुमला' करार देते हुए कहा कि करीब पांच साल खामोश बैठी सरकार अचानक खाली पदों को भरने के लिए जाग गयी है। चिदंबरम ने गुरुवार को ट्वीट किया, ''रेलवे में करीब पांच साल से 2,82,976 पद रिक्त हैं और सरकार अचानक से जगती है और कहती है कि हम इसे तीन महीने में भरेंगे।



# कैमरून में सड़क दुर्घटना में 20 लोगों की मौत

याआउंडे (आरएनएस)। मध्य अफ्रीकी देश कैमरून में गोओंडेरे-टोबरो हाईवे पर बुधवार दोपहर हुई एक सड़क दुर्घटना में बच्चों समेत करीब 20 लोगों की मौत हो गयी।

स्थानीय प्रशासन ने यह जानकारी दी।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक ट्रक एक बस से टकरा गया। इस दुर्घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। घायलों का इलाज गोओंडेरे के स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

कैमरून के परिवहन मंत्रालय के मुताबिक देश में प्रत्येक वर्ष कम से कम 1200 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है।

# दूरंतो के बाद गरीब रथ में लुटेरों का धावा

**यात्रियों से नकदी और गहने लूटे**

चंडीगढ़ (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर से दिल्ली के बीच चलने वाली दूरंतो ट्रेन में लूटपाट की घटना के 5 दिन बाद एक और ट्रेन में लूटपाट की खबर है। ये वारदात बुधवार तड़के अजमेर - चंडीगढ़ गरीब रथ में हुई है। इस मामले में लुटेरों के खिलाफ आइपीसी की धाराओं 395, 341, 25 आर्म्स एक्ट और 141-146 रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जिस समय वारदात हुआ उस समय अधिकतर यात्री सो रहे थे। अजमेर -चंडीगढ़ गरीब रथ ट्रेन में बदमाशों ने जमकर लूटपाट करते हुए 10 से ज्यादा यात्रियों से हजारों की नकदी और गहने लूट लिए। हमलावरों ने सोनिया से डायमंड का मंगलसूत्र, अचला शर्मा से 40 हजार रुपये कैश, मोबाइल फोन, दो सोने की अंगुठियां, सोने की चैन और टॉप्स आदि लूट लिए। इसी प्रकार जिज्ञासा, राजीव खन्ना, बेअंत सिंह समेत दो और यात्रियों को लूटा गया है।

सबसे बड़ी बात ये कि वारदात के दौरान ट्रेन में तैनात रेलवे सशस्त्र बल के जवान सोते रहे। जैसे ही ट्रेन चंडीगढ़ पहुंची तो टीटीई ने जीआरपी को दी।